संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक

संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) - 496001

(E-mail ID-gmcraigarhhospital@gmail.com)

क्रमांक/चिकि./खाद्य शा./2025/ **रायगढ़, दिनांक .....**

प्रति,

आयुक्त
चिकित्सा शिक्षा विभाग
स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) 492002

द्वारा :– **उचित माध्यम।**
विषय :– **डाईट निविदा करने की सूचना बाबत्।**
संदर्भ :– **1) कार्यालयीन पत्र क्रमांक/चिकि./खाद्य शा./2025/3814 रायगढ़ दिनांक 16.05.2025**
2) कार्यालयीन पत्र क्रमांक/चिकि./खाद्य शा./2025/4176 रायगढ़ दिनांक 04.06.2025

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि स्व. श्री ल.अ. स्मृति शास. चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ (छ.ग.) के अंतर्गत भर्ती मरीजों एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत् प्रसूताओं को चिकित्सकीय आहार (नास्ता एवं भोजन) प्रदाय करने के लिये कार्यादेश क्रमांक/चिकि./डाईट /2024/4073 रायगढ़, दिनांक 07.06.2024के माध्यम से अनुबंध निष्पादित कर मे. सी. एच. फिलिप कैटरर्स, शिवानन्द नगर, रायपुर, छ.ग. को सेवाप्रदाता नियुक्त किया गया है। उक्त निविदा के नियम एवं शर्तों के तहत् शासन द्वारा निर्धारित दर अनुसार भर्ती मरीजों एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत् प्रसूताओं को चिकित्सकीय आहार प्रदाय करने हेतु अनुबंध दिनांक से 12 माह तक के लिये उक्त अनुबंध दिनांक 10.06.2025 को समाप्त हो रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 22.07.2025 को क्रय समिति की बैठक में चिकित्सालय में भर्ती मरीजों एवं जे.एस.एस.के. अंतर्गत प्रसूताओं को चाय, नाश्ता एवं भोजन प्रदाय करने बाबत् नियमानुसार निविदा जारी करने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। दिनांक 30.07.2025 को अधिष्ठाता महोदय के निर्देशानुसार निविदा शर्त में संशोधन उपरांत डाईट संबंधित निविदा को जेम पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

संदर्भित पत्र क्र. (1) व संदर्भित पत्र क्र. (2) के माध्यम से निविदा के दिशा निर्देश अनुमति हेतु पत्र प्रेषित किया गया है जो आज पर्यन्त अपेक्षित है। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों हेतु डायट्री से संबंधित कार्य सुचारू संचालन हेतु प्रत्याशा में दिनांक 02.08.2025 को जेम पोर्टल के माध्यम से चिकित्सालय में भर्ती मरीजों एवं जे.एस.एस.के. अंतर्गत प्रसूताओं को चिकित्सीकीय आहार अन्तर्गत चाय, नाश्ता एवं भोजन प्रदाय करने से संबंधित निविदा जेम पोर्टल (Gem Portal) अपलोड कर दिया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शास.
चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/चिकि./खाद्य शा./2025/ **रायगढ़, दिनांक .....**

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन,चिकित्सा शिक्षा, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिष्ठाता, स्व. श्री ल.अ.स्मृति चिकि. महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अध्यक्ष/सर्व सदस्य, क्रय समिति स्थानीय चिकित्सालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी अधिकारी, लेखा शाखा/खाद्य शाखा/एन.एच.एम. एवं सहायक कार्यालय अधीक्षक (निज सहा. अधीक्षक महोदय), संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. कार्यालयीन प्रति।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय
चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.)